हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 19 दिसंबर 2025

तापमान

अधिकतम 25 .8 डिग्री

न्यूनतम 5 .4 डिग्री

12 डीएसपी के ऑफर को बार एसो. ने मारी ठोकर...



12 ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को लेकर...



## खबर संक्षेप

### प्रॉपर्टी डीलर ने किया सुसाइड

**पानीपत।** दिल्ली पेरलल नहर में प्रॉपर्टी डीलर सुनील सलूजा उर्फ नीटू निवासी हुडा सेक्टर 13/17 ने छलांग लगा दी। वहीं सुनील की पानी में डूबने से मौत हो गई। इधर, पुराना औद्योगिक थाना पुलिस की जांच में पता चला कि सलूजा वीरवार के तडके करीब चार बजे घर से निकले थे। नहर में छलांग लगाने से पहले सुनील ने अपनी बहन को फोन किया और कहा कि बच्चों को संभाल लेना। परिवार वालों का कहना है कि सुनील कुछ दिनों से प्रॉपर्टी संबंधी विवाद के चलते मानसिक रूप से काफी परेशान थे। इसी तनाव के कारण उन्होंने यह कदम उठाया।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**पानीपत।** गांव जलालपुर रोड अधमी चौक से पहले फैक्टरी से काम करके बाइक पर सवार होगर अपने घर गांव बापौली वापस लौट रहे शिवम की अज्ञात वाहन से टक्कर होने से मौत हो गई। इधर, थाना बापौली पुलिस ने मृतक के चाचा चंद्र की शिकायत पर अज्ञात वाहन के चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज किया और पोस्टमार्टम के बाद शिवम का शव उसके परिवार को सौंप कर इस केस की जांच शुरू कर दी है।

### ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या की

**पानीपत।** बाबरपुर रेलवे स्टेशन के पास श्री शक्ति एक्सप्रेस ट्रेन के आगे कूदकर अजय कुमार निवासी गांव गुडा जिला करनाल ने अपनी जीवन लीला को समाप्त कर लिया। परिजनों का दावा है कि अजय मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। इधर, ट्रेन के चालक ने भी जीआरपी को सूचना दी थी कि एक युवक ट्रेन के आगे कूदा है। वहीं, थाना जीआरपी पानीपत ने परिजनों के बयान दर्ज किए और पोस्टमार्टम के बाद अजय का शव उसके परिजनों को सौंप कर इस केस की जांच शुरू कर दी है।

### धमकी देने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी अंकित उर्फ लट्टू को गिरफ्तार किया गया है। इंद्रपुरी कॉलोनी के अंकित ने 15 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 14 दिसंबर 2025 को आरोपी अंकित उर्फ लट्टू व अन्य ने उससे तथा उसके दोस्त से मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### 32.50 ग्राम हेरोइन सहित आरोपी दबोचा

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी के रेडक्रॉस कार्यालय से नशा तस्करी मामले में सीआईए-2 ने आरोपी सूरज उर्फ रघु को 32 ग्राम 50 मिलिग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी को दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। सूचना के आधार पर पुलिस ने नाकाबंदी कर आरोपी को काबू कर विधिपूर्वक तलाशी लेने पर उससे 32 ग्राम 50 मिलिग्राम हेरोइन बरामद की थी।

### चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बराड़ा में दर्ज चोरी के मामले में ने आरोपी बीरू व अंकित को गिरफ्तार किया है। इस मामले में संलिप्त अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। हिसार के पंकज कुमार ने 8 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने अढ़ाई पुल से 40 प्लेट, 25 गार्डर, 2 वेल्डिंग मशीन व अन्य सामान चोरी किया है।

### हेरोइन तस्करी में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशगनर में दर्ज नशा तस्करी मामले में एंटी नारकोटिक सैल संलिप्त अन्य आरोपी वारिश को गिरफ्तार किया है। सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी करता है।

# 179 स्कूलों में बच्चों के खेलने के लिए कोई मैदान नहीं, विस में गूंजा सरकारी स्कूलों की बुनियादी सुविधाओं का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

■ विधायक पूजा ने मांगी जिले के स्कूलों की जानकारी

विधायक पूजा के द्वारा पूछे गए प्रश्न के माध्यम से जिला के सरकारी स्कूलों के बुनियादी ढांचे के बारे में बड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। इससे सूबे के सभी सरकारी स्कूलों की हालत पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। विधायक पूजा ने जिला के सरकारी स्कूलों में कक्षा-कक्ष, प्रयोगशालाओं, पीने के पानी की सुविधा, लड़के और लड़कियों के लिए अलग-अलग शौचालय और खेल के मैदान के बारे में जानकारी मांगी थी। विधानसभा में उन्हें इसके जवाब में यह जानकारी मिली कि जिला में कुल 762 स्कूलों में से 257 स्कूलों में यह सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। विधायक पूजा ने जो जानकारी मांगी थी उसके जवाब में उन्हें जिले के 52 सीनियर सैंकेडरी स्कूल, 32 हाई स्कूल, 38 मिडिल स्कूल और 135 प्राइमरी स्कूलों के बारे में जो जानकारी मिली। उसके मुताबिक जिले के इन स्कूलों में 215 क्लास रूम, 20 पुस्तकालयों, 3 कम्पयूटर लैब, 29 साइंस लैब, 10 फिजिक्स लैब, 10 केमिस्ट्री लैब, 14 बॉयो लैब की आवश्यकता है। 179 स्कूलों में बच्चों के खेलने के लिए मैदान ही नहीं है। सरकार की ओर से मिले इस जवाब से विधायक संतुष्ट नहीं दिखी।



बराड़ा। विधानसभा में अपनी बात रखते हुए विधायक पूजा। फोटो : हरिभूमि

### सूबे के सरकारी स्कूलों में पाई जा रही कमियों को दूर करने का प्रयास करे सरकार

विधायक पूजा ने शिक्षा मंत्री को इस बारे में अवगत करवाया तो उन्हें उनके विभाग के अधिकारियों के साथ मीटिंग करवाने और मांगी जानकारी को सही करवाने की बात कही। विधायक ने सदन में कहा यह स्थिति केवल एक जिले की नहीं है बल्कि सूबे के अधिकांश सरकारी स्कूलों की हैं। उन्होंने बीते दिवस राज्यपाल के पंचकूला के एक सरकारी स्कूल की विजिट के बारे में कहा कि उनको स्कूलों में शौचालयों की सुविधा देने के लिए पैसे देने की बात कहनी पड़ी। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह सूबे के सरकारी स्कूलों में पाई जा रही कमियों को दूर करने का प्रयास करें। ताकि बच्चों को लाभ मिल सके।

## ठिठुरन से तापमानपहुंचा न्यूनतम छह डिग्री सेल्सियस

# घना कोहरा व शीतलहर के प्रकोप से घरों में दुबके लोग

■ पिछले दो दिन से जिले में धुंध का गहरा रहा है प्रकोप

■ सड़कों पर दोपहर तक रेंगते रहे वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

पिछले दो दिन से जिले में घने कोहरे व शीतलहर का कहर जारी है। वीरवार को भी जिले में घना कोहरा छाया रहने और शीतलहर चलने से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया। आलम यह रहा कि दोपहर तक सड़कों पर कुछ दिखाई नहीं दिया और वाहनों को लाइटें जलाकर किसी तरह अपने गंतव्य पर पहुंचना पड़ा। जबकि कामकाजी लोगों को अलाव सेंककर अपना कार्य निपटाना पड़ा। वहीं, ट्रेन व बसें भी अपने निर्धारित समय से देरी से अपने गंतव्य पर पहुंची।

वीरवार को अलसुबह से ही जिले में घना कोहरा छा गया और शीतलहर चलने लगी। जिससे मौसम में कंपकपाती ठंड बढ़ गई। आलम यह था कि सड़कों पर लोगों को चार फुट की दूरी पर भी वाहन व अन्य कोई वस्तू दिखाई नहीं दे रही थी। वाहन चालक लाइटें जलाकर सड़कों से गुजरने पर मजबूर थे। दोपहर तक जिले में कोहरे की वजह से जनजीवन अस्तव्यस्त रहा और बाजार सुने रहे। खास बात यह रही कि रोजाना सुबह के वक्त उठकर अपने कामकाज निपटाने वाले लोग भी देर तक रजाई में दुबके रहे।





यमुनानगर। वीरवार को घने कोहरे में सड़कों पर लाइटें जलाकर गंतव्य पर पहुंचते वाहन चालक व स्टेशन पर धुंध में खड़े होकर ट्रेनों के आलने की इंतजार करते यात्री। फोटो : हरिभूमि

### ट्रेने व बसें भी अपने गंतव्य पर देरी से पहुंची

वीरवार को घनी धुंध की वजह से रेल यातायात भी काफी प्रभावित हुआ। यमुनानगर जगाधरी रेलवे स्टेशन पर आधा दर्जन गाड़ियां अपने निर्धारित समय से आधा से एक घंटा देरी से पहुंची। जिससे यात्रियों को ट्रेनों की इंतजार में घंटो स्टेशनों के प्लेटफार्मों पर बैठकर ठिठूरने को मजबूर होना पड़ा। वहीं, बसें भी अपने गंतव्य पर अपने निर्धारित समय से देरी से पहुंची।

### कुछ दिन तापमान में गिरावट जारी रहने की उम्मीद

जिले में वीरवार को घना कोहरा छाए रहने व शीतलहर चलने से तापमान घटकर अधिकतम 21 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 6 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अगले कुछ दिन तापमान में गिरावट जारी रहने की उम्मीद है।

# आईपीएल में चमक बिखेरेगा दक्ष कामरा कड़ी मेहनत के दम पर हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

निजी क्रिकेट एकेडमी से जुड़े होनहार और प्रतिभाशाली क्रिकेटर दक्ष कामरा ने भारतीय क्रिकेट में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनके इस चयन से पूरे प्रदेश में हर्ष और गर्व का माहौल है। दक्ष कामरा की इस सफलता के पीछे वर्षों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

उन्होंने शाहाबाद स्थित एक क्रिकेट अकादमी में कोच हरजोत सिंह के कुशल मार्गदर्शन में लगभग पांच वर्षों तक प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने तकनीकी दक्षता के साथ-साथ मानसिक मजबूती और खेल की बारीकियों को गहराई से समझा जिसका प्रतिफल आज आईपीएल जैसे बड़े मंच पर उनके चयन के रूप में सामने आया है। उनके कोच हरजोत सिंह ने दक्ष के खेल की सराहना करते हुए बताया कि वे राइट आर्म लेग स्पिनर होने के साथ-साथ एक सक्षम मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज भी हैं। गेंद और बल्ले दोनों से योगदान देने की क्षमता उन्हें एक बेहतरीन ऑलराउंड खिलाड़ी बनाती है। घरेलू क्रिकेट एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में उनके प्रभावशाली प्रदर्शन ने चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया, जिसके चलते उन्हें आईपीएल के लिए चुना गया।



दक्ष कामरा ने इससे पूर्व भी अपने शानदार प्रदर्शन से पहचान बनाई है। लगातार बेहतर खेल के दम पर उन्होंने हरियाणा क्रिकेट टीम में अपनी मजबूत जगह बनाई। दबाव में शांत रहकर खेलने और परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालने की उनकी क्षमता ने उन्हें एक भरोसेमंद खिलाड़ी के रूप में स्थापित किया है। कोच हरजोत सिंह ने भी दक्ष कामरा को आईपीएल में चयनित होने पर शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विश्वास जताया कि दक्ष आईपीएल जैसे बड़े मंच पर भी अपने शानदार प्रदर्शन से सभी को प्रभावित करेंगे।

### वीजा एजेंट के घर पर ईडी ने की रेड

**कुरुक्षेत्र।** जिले के उपमंडल पिहोवा में प्रवर्तन निदेशालय ने वीजा एजेंट के घर पर रेड की। पिहोवा के मॉडल टाउन में सुबह करीब साढ़े 10 बजे ईडी की टीम प्राइवेट गाड़ी से मौके पर पहुंची और एजेंट के घर को अंदर से बंद कर जांच शुरू कर दी। किसी को अंदर आने की इजाजत नहीं है, इसलिए घर के बाहर सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। हालांकि टीम ने स्थानीय प्रशासन को मामले की सूचना जरूर दी, लेकिन रेड में किसी को साथ और शामिल नहीं रखा है। अब तक टीम ने किसी के साथ कोई सूचना शेयर नहीं की। वीजा एजेंट विशाल चावला का हरियाणा के साथ पंजाब और हिमाचल प्रदेश तक नेटवर्क फैला है। इन राज्य से विशाल चावला कई लोगों को विदेश भेज चुका है। ईडी ने करीब 5 महीने पहले भी पिहोवा और इस्माइलाबाद के 2 एजेंट के ठिकानों पर भी रेड की थी। इन एजेंट पर लोगों को अवैध तरीके से डंकी रूट से अमेरिका और अन्य देशों में भेजने का शक है। इसी साल फरवरी और नवंबर में जिले के कई युवक अमेरिका से डिपोर्ट होकर लौटे हैं। आशंका यही है कि ईडी अमेरिका के बदले कितनी रकम वसूली गई, उसकी जांच के लिए पहुंची है।

### कहासुनी होने पर व्यक्ति को पीट कर किया घायल

**यमुनानगर।** गांव बांसेवाला में कहासुनी होने पर परिवार में झगड़ा हो गया। इस दौरान दो भाइयों ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर अपने भाई सुरजीत सिंह को पीटकर घायल कर दिया। जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव बांसेवाला निवासी सुरजीत सिंह ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका अपने भाई सोमनाथ व बलजीत सिंह के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा चल रहा है। नौ दिसंबर को शाम पांच बजे आरोपी सोमनाथ व बलजीत ने अपने परिवार के सदस्यों राजेश कुमार व महेंद्र देवी के साथ मिलकर उस पर हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। इसके बाद आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।



यमुनानगर। जिला जेल में आयोजित लोक अदालत में केसों की सुनवाई करते हुए सीजेएम एवं प्राधिकरण सचिव सुमित्रा कादियान। फोटो : हरिभूमि

# लोक अदालत में 11 केसों का किया निपटान

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

■ सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुमित्रा कादियान ने लोक अदालत में की केसों की सुनवाई

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला जेल परिसर में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुमित्रा कादियान ने केसों की सुनवाई की।

सीजेएम एवं प्राधिकरण की सचिव सुमित्रा कादियान ने बताया कि लोक अदालत में निपटान के लिए 17 केस रखे गए थे। जिनमें से 11 केस का निपटारा किया गया। उन्होंने बताया कि यह लोक अदालत नियमित जेल लोक अदालत है। जो हर महीने आयोजित की जाती है। इसमें उन मामलों का निपटारा किया जाता है जो लोक अदालत में निपटाए जाने के योग्य पाए जाते हैं। सीजेएम सुमित्रा कादियान ने जेल में कैदियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की भी जांच की। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि कोई भी बंदी या कैदी बिना किसी वकील के प्रतिनिधित्व के न रहें। उन्होंने कहा कि अगर कोई निजी वकील नहीं रख सकता है तो डीएलएस उसे एक पैनल वकील या कानूनी सहायता बचाव वकील प्रदान करेगा।

### एटीएम कार्ड बदलकर व्यक्ति के अकाउंट से निकले 50 हजार रुपये

**यमुनानगर।** एटीएम कार्ड बदलकर लक्ष्मी गार्डन निवासी रिपु दमन सिंह के अकाउंट से एक युवक ने 50 हजार रुपए निकाल लिए। जब उसे अपने मोबाइल पर पैसे निकालने का मैसेज देखा तो उसने मामले की सूचना पुलिस को दी।

■ पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ किया केस दर्ज

पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लक्ष्मी गार्डन निवासी रिपु दमन सिंह ने गांधीनगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसने बैंक से पैसों के लेनदेन के लिए एटीएम कार्ड लिया हुआ है। 17 दिसंबर को शाम चार बजे वह एटीएम बूथ पर पैसे निकालने के लिए गया। इस दौरान वहां पर पहले से ही एक युवक मौजूद था। जब वह एटीएम से पैसे निकालने लगा तो उसका एटीएम नहीं चला। जिस कारण उसके एटीएम से पैसे नहीं निकले। इस दौरान वहां पर मौजूद युवक ने उसकी सहायता करने के बहाने से उसका एटीएम कार्ड बदल लिया। पैसे न निकलने पर वह वहां से घर वापस आ गया। कुछ देर बाद उसके मोबाइल पर अलग-अलग करके 50 हजार रुपए निकलने के मैसेज आए। यह देखकर उसके पैरों तले से जमीन खिसक गई। जब उसने अपना एटीएम कार्ड की जांच की तो वह बदला हुआ मिला। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## हरियाणा के राजस्व एवं शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने दी जानकारी

# अवैध कालोनियों को नियमित करने की सरकार कर रही तैयारी

■ नगर निगम क्षेत्र की अवैध कॉलोनियों को नियमित करने के लिए 25 दिसंबर को होगा निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

हरियाणा राजस्व एवं शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि प्रदेश सरकार निगम क्षेत्र की अवैध कालोनियों को पूरी तरह नियमित करने के लिए तैयारी कर रही है। उन्होंने यह जानकारी मेयर निवास पर आयोजित पार्षदों व अधिकारियों की बैठक में दी। मौके पर मेयर सुमन बहमनी व पूर्व मेयर मदन चौहान और सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा भी मौजूद रहे।

शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल के समक्ष बैठक में मेयर सुमन बहमनी ने नगर निगम कार्यालय के नए भवन बनाने के लिए 40 करोड़ रुपये देने पर आभार जताया। मौके पर मेयर सुमन बहमनी ने मंत्री गोयल के समक्ष मांग रखते हुए कहा कि शहर की काफी कॉलोनियां ऐसी है तो पूरी तरह आबाद है, लेकिन ये कॉलोनियों अवैध होने के कारण इनमें विकास कार्य नहीं करवाए जा सकते हैं। जिससे लाखों शहरवासी परेशान हैं। इसके अतिरिक्त 1996 में बसी 74 कॉलोनियों को वैध कर दिया गया था, लेकिन जीआईएस (योग्राफिकल इन्फार्मेशन सिस्टम) पोर्टल आने के बाद इन कॉलोनियों में भवनों का नियमित कर दिया गया। जीआईएस पोर्टल पर इन सभी कॉलोनियों को अनअप्रूव्ड श्रेणी में रखा गया है। जिसके कारण नगर निगम इन कॉलोनियों में विकास कार्य करवाने में असमर्थ है। इससे जनता परेशान है। वहीं, नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि पोर्टल आने के बाद जगाधरी क्षेत्र की 54 और यमुनानगर क्षेत्र की 22 कॉलोनियों को अवैध दर्शाया गया है। शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने इस बारे में 25 दिसंबर को मंत्रालय में मेयर व विधायक की मौजूदगी में निकाय के उच्च अधिकारियों से बातचीत कर कॉलोनियों को नियमित करने का आश्वासन दिया।



यमुनानगर। पार्षदों व अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते सनिकाय मंत्री विपुल गोयल।

### ये रहे मौजूद

मौके पर आयुष विभाग के पूर्व निदेशक डॉ. सतपाल बहमनी, अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार, उप निगम आयुक्त कुलदीप मलिक, एक्सईएन विकास धीमान, एमई मृणाल जायसवाल, सुरेंद्र दहिया, सीएसआई अनिल नैन, राकेश त्यागी व भाजपा मंडल अध्यक्ष शुभम राणा आदि मौजूद रहे।

### स्टॉर्म वाटर लाइन डालने के कार्य को निपटाए जाने की मांग

मेयर सुमन बहमनी ने मंत्री को बताया कि शहर की सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने को लेकर कर्मचारियों की आवश्यकता होती है। नगर निगम कार्यालय में 1197 पद सफाई कर्मचारी के स्वीकृत है। जिनमें से 562 रिक्त हैं। जिसके चलते नगर निगम क्षेत्र की सफाई व्यवस्था बेहद प्रभावित होती है। इस दौरान मेयर बहमनी ने कई साल से रुके पड़े स्टॉर्म वाटर लाइन डालने के कार्य को निपटाए जाने की मांग की। इसके अलावा शहर की नालियों, अंडरग्राउंड नालियों की सफाई के लिए अत्याधुनिक मशीनें खरीदने की भी बात रखी गई। शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने उन्हें सभी मांगों पर विचार विमर्श कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## खबर संक्षेप

### बाल श्रम के विरुद्ध जागरूक किया

**पानीपत।** जागरूकता सह सेवा शिविर पानीपत डीएलएसए एवं अन्य विभागों साथ बाल अधिकार सुरक्षा समिति संस्था ने भी हिस्सा लिया व बाल श्रम मुक्त पानीपत, बाल अधिकार संरक्षण संकल्प का हस्ताक्षर अभियान चलाया व रैली के माध्यम से जनता को बाल श्रम के विरूद्ध जागरूक किया। इस अवसर पर संस्था सदस्य सुधा झा, सतपाल चहल, रोशन प्रधान, ओमप्रकाश, अनिता, शकुंतला, राजेंद्र, कल्पना, दीपक, प्रिया, टीनू आदि उपस्थित रहे।

### ट्राफी विजेता प्राप्त छात्रों को सम्मानित किया

**पानीपत।** शिक्षा निदेशालय हरियाणा पंचकूला द्वारा कुरुक्षेत्र में आयोजित हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अधीन विद्यालयों के लिए राज्य स्तरीय साईंस क्विज में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कृष्णपुरा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलक्ष्य में आज डीईओ राकेश बूरा ने विद्यालय में प्रातः कालीन सभा में ट्राफी विजेता प्राप्त छात्रों को सम्मानित किया।

### विकसित भारत पर सेमिनार 20 को

**पानीपत।** प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और औद्योगिक क्षेत्र में रोजगार के नए अवसरों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला रोजगार विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण परामर्श सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। यह सेमिनार बीस दिसंबर को जिला सचिवालय में होगा।

### योग अपना कर स्वस्थ रहे

**पानीपत।** सर्दी के मौसम में स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना जरूरी है। ठंड के कारण सर्दी-खांसी, जुकाम, सांस संबंधी रोग और जोड़ों के दर्द की शिकायत बढ़ जाती है। ऐसे में योग हमारे लिए प्राकृतिक और प्रभावी उपाय साबित हो सकता है। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने कहा कि नियमित योग अभ्यास से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है।

### रबी फसलों का बीमा करवाएं

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने पानीपत जिला के किसानों से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) योजना का लाभ लेने के लिए रबी फसलों का बीमा अवश्य करवाने का आह्वान किया है। पीएमएफबीवाई के तहत 2025-26 के लिए रबी की फसलों का बीमा करवाने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर निर्धारित की गई है।

## प्रदर्शनकारियों ने जिला पुलिस अधीक्षक के नाम सौंपा ज्ञापन

# हिंदू संगठनों का महिलाओं के साथ बढ़ रही अपराधिक घटनाओं के विरोध में प्रदर्शन

### प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर


यमुनानगर में जिला सचिवालय के समक्ष प्रदर्शन करते हुए हिंदू संगठनों के सदस्यों को समझाते हुए अधिकारी।

हिंदू संघर्ष समिति के बैनर तले विभिन्न संगठनों ने जिले में महिलाओं के साथ बढ़ रही आपराधिक घटनाओं को लेकर वीरवार को लघु सचिवालय के समक्ष प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। मौक पर हिंदू संगठनों के सदस्यों ने जिला पुलिस अधीक्षक के नाम मौके पर मौजूद अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर ऐसे मामलों पर अंकुश लगाए जाने और इनमें संलिप्त आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की।

वीरवार सुबह हिंदू संघर्ष समिति समेत विभिन्न हिंदू संगठनों के सैंकड़ो सदस्य समिति के वरिष्ठ सदस्य उदयवीर शास्त्री के नेतृत्व में जिला सचिवालय के समक्ष एकत्र हो गए और प्रदर्शन करने लगे। मौके पर प्रदर्शनकारियों ने जिला प्रशासन और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद हिंदू संगठनों के सदस्यों ने जिला सचिवालय में पहुंचकर वहां मौजूद अधिकारी को पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा। मौके पर हिंदू संघर्ष समिति के वरिष्ठ सदस्य उदयवीर शास्त्री ने कहा कि यमुनानगर में दिनों दिन महिलाओं के साथ आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं। इन घटनाओं को लेकर हिन्दू समाज बेहद चिंतित हैं। उन्होंने हालहि में एक महिला के साथ हुई आपराधिक घटना पर त्वरित कार्रवाई करने के लिए पुलिस प्रशासन की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के सभी मामलों की उच्चस्तरीय जांच की जाए और एसआईटी का गठन किया जाए। ताकि किसी भी संगठित रैकेट का खुलासा हो सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगे। उन्होंने प्रशासन से महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता दिए जाने की मांग की।साथ ही संगठनों के सदस्यों ने यह भी मांग रखी कि ऐसे मामलों के पीछे किसी संगठित गिरोह की भूमिका की जांच की जाए और जिले में कथित तौर पर सक्रिय असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि गत दिनों ने जिले के विभिन्न इलाकों से लड़कियों के लापता होने की सूचनाएं भी सामने आई हैं। जिनकी गंभीरता से जांच आवश्यक है। इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने वरिष्ठ अधिकारी की अध्यक्षता में एसआईटी गठित करने की मांग दोहराई। ताकि ऐसे मामलों की पहचान कर समय रहते रोक लगाई जा सकें। मौके उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र मित्तल व समाजसेवी संजय मित्तल समेत हिंदू संगठनों के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

#### यह है आरोप

हिंदू संगठनों के सदस्यों ने आरोप लगाया कि जिले में गत दिनों हिंदू लड़कियों और महिलाओं को बहला फुसलाकर धोखाधड़ी, शारीरिक शोषण और हिंसा जैसी घटनाएं हुई हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के मामलों से समाज में आक्रोश है और सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ी है। इस दौरान हिंदू संगठनों के सदस्यों ने हालहि में प्रतापनगर क्षेत्र में सामने आए महिला की हत्या के मामले का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया और जांच आगे बढ़ाई। जिसके लिए उन्होंने पुलिस का आभार जताया।


यमुनानगर के जिला सचिवालय में अवैध खनन को रोकने के लिए आयोजित अधिकारियों की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए उपायुक्त प्रीति। फोटो : हरिभूमि

# अवैध खनन के लिए सरपंच होंगे जिम्मेदार : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला सचिवालय में जिला में अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त प्रीति ने की।

उपायुक्त प्रीति ने बैठक में अधिकारियों को जिले में नाकों को और सशक्त करने के लिए निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा की अध्यक्षता में एसडीएम, डीएसपी, नोडल अधिकारी माइनिंग, डीएसपी इंफोर्समेंट व खनन अधिकारी की एक कमेटी का गठन किया गया। उन्होंने सिंचाई विभाग को अपने से संबंधित नदी तल क्षेत्रों में नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसडीएम को निर्देश दिए कि सभी सरपंचों को निर्देश जारी करें कि अवैध खनन की रोकथाम हेतु वह प्रशासन की सहायता करें। उन्होंने प्रदूषण व सेल्स टैक्स विभाग को भी बंद पड़े स्टोन क्रेशरों, स्क्रीन प्लांटों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने के आदेश दिए। उपायुक्त प्रीति ने बंद पड़े स्टोन क्रेश्र यदि चलते हुए पाए जाते हैं तो उनका बिजली कनेक्शन कटवाने के निर्देश दिए। सभी विभागों को अवैध खनन,अवैध खनिज परिवहन में संलिप्त वाहनों पर इकट्ठा कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि पंचायती जमीन पर अवैध खनन होता है तो उसके लिए सरपंच जिम्मेदार होंगे। उपायुक्त प्रीति ने अधिकारियों को ई.रवाना का मल्टीपल यूज रोके जाने, अवैध खनन रोकने के लिए तकनीक का इस्तेमाल करने, अवैध खनन को रोकने के लिए नाकों पर सख्त कार्रवाई करने और नाकों की संख्या में वृद्धि किए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल, अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा, एसडीएम व्यासपुर जसपाल सिंह गिल, एसडीएम छछरौली रोहित कुमार आदि अफसर मौजूद रहे।

# सीवरेज लाइन बंद होने से कालोनवासी परेशान, घर की दिवारें गिरने का लोगों को सता रहा डर

- कालोनीवासी बोले : कई बार कर चुके हैं स्थानीय विभाग में शिकायत, समस्या का कोई हल नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर


यमनुानगर कस्बा रादौर के छिंबी मोहल्ला में सीवरेज लाइन का दृश्य।

छिंबी मोहल्ला रादौर में पिछल्ले कई दिनों से सीवरेज लाइन बंद पड़ी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सीवरेज लाईन बंद होने से कालोनी वासियों को परेशानी की सामना करना पड़ रहा है। अब तो उनके घरों की दीवारों में सीलन आने लगी है । उन्हें डर सताने लगा है कि कहीं उनके घर की दिवारें ही न गिर जाएं। इससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

स्थानीय लोग शैंकी, लवली, मामराज, सीता देवी, सोमनाथ, रूलिया, विक्की आदि ने बताया कि उनके मौहल्ले में सीवरेज लाइन बंद होने की समस्या कई दिनों से है। इसकी शिकायत उन्होंने कई बार जलापूर्ति विभाग के कर्मचारियों से भी की है। परंतु समस्या आज भी ज्यों की त्यों ही बनी हुई है। कालोनीवासियों में जलापूर्ति विभाग के कर्मचारियों की कार्यप्रणाली को लेकर भारी रोष है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस सीवरेज की समस्या को लेकर वे कई बार संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों से शिकायत भी कर चुके हैं। लेकिन संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। उन्हें तो अब ऐसा लगता है कि विभाग किसी बड़े हादसा होने का इंतजार कर रहा है। उन्होंने प्रशासन से सीवरेज लाइन की मुरम्मत करने की मांग की।

विभाग के जेई पवन कुमार का कहना है कि कर्मचारियों को मौके पर भेजकर सीवरेज लाइन को जल्द ठीक करवा दिए जाएगा।

# नंबरदार एसोसिएशन का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन 22 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर


यमुनानगर कस्बा रादौर का नंबरदार एसोसिएशन प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलता।

हरियाणा नंबरदार एसोसिएशन के सदस्यों ने ऋषिपाल राणा व शिव कुमार संधाला के नेतृत्व में मुख्यमंत्री नायब सैनी से चंडीगढ़ में मुलाकात की। एसोसिएशन के सदस्यों ने बताया कि नंबरदार एसोसिएशन द्वारा 22 दिसम्बर को शहीद उद्यम सिंह धर्र्मशाला रादौर में प्रदेश स्तरीय नंबरदार सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। प्रतिनिधि मंडल सम्मेलन को लेकर मुख्यमंत्री से मिला और उन्हें कार्यक्रम में पहुंचने का निमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने नंबरदारो को प्रदेश स्तरीय सम्मान दिवस मनाने की बधाई दी। मौके पर नंबरदार ऋषिपाल राणा ने कहा कि नंबरदार अपने अपने क्षेत्र में बढ़ रहे नशे को लेकर गंभीर है। वे गांव गांव जाकर युवाओं को नशे के प्रति जागरूक करने का काम करेंगे। साथ ही साथ नंबरदार पौधारोपण कर पर्यावरण को हरा भरा रखने में अपना पूरा सहयोग दे रहे है। इस अवसर पर कुलदीप छोटाबांस, सुखबीर डमोली, रणबीर सिंह, बलविंदर सिंह, कश्मीरी लाल, सुभाष, बरखाराम, सुभाषचंद आदि मौजूद रहे।

# सैनी यूथ फेडरेशन ने मुख्यमंत्री के ओएसडी को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर


ओएसडी कैलाश सैनी को सम्मानित करते संगठन के सदस्य।

सैनी यूथ फेडरेशन द्वारा मुख्यमंत्री के ओएसडी कैलाश सैनी को सम्मानित किया गया। मौके पर मौजूद संगठन के प्रदेश महासचिव कार्तिक सैनी कहा कि कैलाश सैनी का समाज को आगे बढ़ाने में बहुत योगदान रहा है।

उनकी उपलब्धियों को देखते हुए ही फेडरेशन के सदस्यों द्वारा मुख्यमंत्री केओएसडी कैलाश सैनी को सम्मानित किया है। प्रदेश महासचिव कार्तिक सैनी ने कहा कि कैलाश सैनी ने समाज के उत्थान व समाज के लोगों को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को जब भी कोई समस्या या सुझाव की आवश्यकता हुई कैलाश सैनी ने हमेशा ही आगे बढ़कर उनकी सहायता की है।

### चोरों ने गोदाम से चुराया हजारों का सामान

**यमुनानगर ।** चोरों ने गांव सारण में किसान के गोदाम से हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार जगाधरी के गुलाब पार्क निवासी विशाल अग्रवाल ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव सारण में जमीन है। जहां पर उसने अपने कृषि योग्य औजार खड़े करने के लिए गोदाम बनाया हुआ है। 16 दिसंबर को वह वहां से काम खत्म कर घर आ गया था। सुबह जब वह वापस पहुंचा तो गोदाम का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था।

# समाधान शिविर में शिकायत लेकर पहुंचे नौ फरियादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर


यमुनानगर के जिला सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए नगराधीश। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार वीरवार को लघु सचिवालय में जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगराधीश पीयूष गुप्ता ने लोगों की समस्याएं सुनी। मौके पर शिविर नौ शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें से अधिकांश का मौके पर निपटान कर दिया गया और शेष को संबंधित अधिकारियों के पास समधान करने के लिए भेज दिया।

नगराधीश पीयूष गुप्ता ने बताया कि समाधान शिविर में 9 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जिसमें नगला खालसा निवासी आत्म सिंह ने सरकारी बस का रूट बदलने बारे, जगाधरी निवासी रमेश सिंह ने बिजली का बिल माफ करने बारे, जगाधरी निवासी विक्रम सिंह ने नाले की पुलिया से पत्थर हटवाने बारे, कुंजल कांबियोन निवासी ऋषि पाल ने पंचायती जोहड़ से नाजायज कब्जा हटवाने बारे समस्या रखी। मौके पर जिला आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ ड़ा. शिव कुमार सैनी ने समाधान शिविर में सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को बैठक के दौरान 15 मिनट के योग का भी अभ्यास करवाया। नगराधीश पीयूष गुप्ता ने अधिकारियों व कर्मचारियों को बताया कि अपने कार्य के साथ साथ योग करना भी जोड़ लें ताकि वे स्वस्थ रह सकें और अपने कार्य को कुशलता से कर सके। इस अवसर पर डीआईओ विनय गुलाटी, डीएसपी कंवलजीत सिंह, जिला आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ डॉ. शिव कुमार सैनी, सीएम विंडो के विशेष नागरिक जगदीश बब्बर व नीरज गुप्ता आदि मौजूद थे।

**दौरा** | स्टार वे सीनियर सैकेंडरी स्कूल खुर्दी के विद्यार्थियों ने दामला स्थित टिंबर इंडस्ट्रीज का किया भ्रमण

# विद्यार्थियों ने प्लाइवुड उद्योग का शैक्षणिक भ्रमण करके हासिल की जानकारी

- शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने इंडस्ट्रीज में प्लाई के निर्माण के प्रोसेस की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर


यमुनानगर के दामला स्थित टिंबर इंडस्ट्रीज में शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को कच्ची लकड़ी से प्लाई तैयार करने के प्रोसेस को समझाते हुए उद्योग संचालक। फोटो : हरिभूमि

स्टार वे सीनियर सैकेंडरी स्कूल खुर्दी (यमुनानगर) के विद्यार्थियों ने वीरवार को दामला स्थित लक्ष्मी टिम्बर इंडस्ट्रीज का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने टिंबर इंडस्ट्रीज में शैक्षणिक भ्रमण के दौरान प्लाइवुड उद्योग व लकड़ी प्रसंस्करण से जुड़ी वास्तविक कार्यप्रणाली का ज्ञान हासिल किया। इस दौरान स्कूल की प्रधानाचार्या दीपमाला कांबोज ने विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपमाला कांबोज ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों का इंडस्ट्रीज के संचालक मनोहर आहूजा व नवीन आहूजा ने स्वागत किया। उन्होंने विद्यार्थियों को इंडस्ट्रीज में कच्ची लकड़ी से तैयार प्लाई और उससे तैयार किए जाने वाले दरवाजे और प्लाइवुड तक बनाने की पूरी प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। उन्होंने मशीनों के कार्य, तकनीकी विधियों और सुरक्षा उपायों के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी सांझा की। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक कई प्रश्न पूछे। जिनका इंडस्ट्रीज संचलाकों ने सरल और रोचक तरीके से उत्तर दिया। उन्होंने कहा कि भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने प्लाइवुड निर्माण की प्रक्रिया, मशीनों के कार्य और वास्तविक औद्योगिक वातावरण को नजदीक से देखकर व्यावहारिक समझ को हासिल किया। इस अनुभव न केवल विद्यार्थियों के विषयगत ज्ञान को बढ़ाया है। बल्कि उन्हें उद्योग से जुड़े करियर विकल्पों के प्रति भी जागरूक किया।

#### प्लाइवुड उद्योग की नवीनतम तकनीक बताई

संवाद विद्यार्थियों के लिए बेहद प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक साबित हुआ। प्रधानाचार्या दीपमाला कांबोज व चेयरपर्सन स्नेहलता कांबोज ने इंडस्ट्रीज संचालकों मनोहर आहूजा और नवीन आहूजा का विद्यार्थियों को प्लाइवुड उद्योग की नवीनतम तकनीकों व लकड़ी प्रसंस्करण के बारे में जानकारी देने के लिए आभार जताया। मौके पर इंडस्ट्रीज संचालकों को स्कूल की ओर से स्मृतिचिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। विद्यालय की चेयरपर्सन स्नेहलता कांबोज ने कहा कि यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों को पुस्तक ज्ञान के साथ साथ वास्तविक जीवन अनुभव प्रदान करने की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है।

# दो भाइयों ने महिला के साथ की छेड़छाड़ व गाली गलौज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

- पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपी भाइयों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी

व्यासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में दो भाइयों ने महिला को रास्ते में रोक कर उसके साथ छेड़छाड़ की। महिला के विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज तथा अपशब्द बोले। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपी भाइयों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार व्यासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 27 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गत दो अक्टूबर को दोपहर एक बजे गांव में ही किसी काम से जा रही थी। इस दौरान आरोपी रवि व उसके भाई काजल ने उसे रास्ते में रोक लिया और उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज की तथा अपशब्द बोले। इसके बाद आस पास के लोग इकट्ठा होने लगे तो आरोपी वहां से फरार हो गए। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद देर शाम आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## सड़कों पर रेंगते नजर आए वाहन, विद्यार्थियों को स्कूलों और कॉलेजों में पहुंचने में परेशानी

# कोहरे और ठंड से जनजीवन अस्त-व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिले में वीरवार सुबह भी धुंध का प्रकोप रहा जिस कारण आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कोहरे और धुंध के कारण वाहन चालकों को सड़कों पर भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बाजारों, चौराहों और बस स्टैंड के बाहर लोग सर्दी से बचने के लिए आग का सहारा लेते नजर आ रहे हैं। स्कूली बच्चों और नौकरीपेशा लोगों को सुबह-सुबह कड़ाके की ठंड में घर से निकलना पड़ रहा है। ठंड बढ़ने से लोग ठिठुरने को मजबूर हो गए। घने कोहरे के कारण अधिकतम तापमान भी गिर गया, जिससे गलन और ज्यादा बढ़ गई। सुबह 11 बजे धूप निकलने पर ही आमजन ने ठंड से राहत महसूस की। जिले का अधिकतम तापमान वीरवार को 20 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह से घना कोहरा छाया रहा। सर्द हवाओं ने गलन और ठिठुरन और ज्यादा बढ़ा दी। सुबह घने कोहरे की वजह से स्कूल-कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों व नौकरीपेशा लोगों को काफी दिक्कत हुई। सड़कों पर वाहन लाइट जलाकर रेंगते नजर आए। ठंड और घने कोहरे से स्कूली बच्चों और शिक्षकों की



कुरुक्षेत्र। कोहरे के बीच अपने गंतव्य की ओर जाते वाहन चालक।

मुश्किलें बढ़ गई हैं। उन्होंने स्कूल का समय बदलने की मांग की है। दिनभर ठंडी हवा चलती रही। शाम को फिर कोहरा छा गया। दुकानें भी जल्दी बंद हो गई। व्यापारियों के अनुसार, इस समय सहालग नहीं होने के चलते ग्राहक भी बाजार में कम ही पहुंच रहे हैं। निजी स्कूल की अध्यापिका नेहा का कहना है कि सुबह-शाम ठंड इतनी बढ़ गई है कि रोजमर्रा के काम निपटाना भी मुश्किल हो गया है। सब्जी विक्रेता प्रवीण कुमार ने बताया कि कोहरे और धुंध के चलते बढ़ी ठंड से घर से बाहर निकलना कठिन हो गया है और दुकानदारी पर भी असर पड़ रहा है। वहीं सड़क मजदूरी करने वाले बबलू ने कहा कि सुबह-सुबह काम के लिए निकलना मजबूरी है, ऐसे में लेबर चौक पर आग जलाकर ठंड से राहत पाने की कोशिश करनी पड़ती है।

### वाहन चलाते समय क्या न करें

तेज बीम लाइट का प्रयोग न करें। हाई-बीम लाइट धुंध में प्रकाश को परावर्तित कर दृश्यता और कम कर देती है। अनावश्यक ओवरटेक न करें। धुंध में सामने से आने वाले वाहन स्पष्ट दिखाई नहीं देते है जिससे दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। अचानक ब्रेक से पीछे चल रहे वाहन टकरा सकते हैं इसलिए अचानक ब्रेक न लगाएं। धुंध में नशे या थकान की अवस्था में वाहन न चलाएं, लापरवाही जानलेवा हो सकती है। सड़क पर या सड़क किनारे वाहन खड़ा न करें यदि वाहन रोकना अत्यंत आवश्यक हो तो निर्धारित किए गए स्थानों पर ही अपना वाहन खड़ा करें।

## केयू में परीक्षाओं का समय बदला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार घने कोहरे, कम दृश्यता व खराब मौसम के कारण परीक्षाओं के समय में संशोधन किया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार 19 दिसंबर 2025 से प्रारंभ होने वाली सभी विश्वविद्यालय परीक्षाओं के आरंभ समय में संशोधन किया गया है।

### ये रहेगा परीक्षा का शेड्यूल

परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि अब प्रातः कालीन सत्र की परीक्षाएं सुबह 10 बजे से आरंभ होंगी, जबकि सायंकालीन सत्र की परीक्षाएं दोपहर 1.45 बजे शुरू की जाएंगी। पहले ये परीक्षाएं निर्धारित समय पर आयोजित की जा रही थीं, लेकिन कम दृश्यता और विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि सभी संबंधित विभागों, संस्थानों, महाविद्यालयों और परीक्षा केंद्रों को निर्देश दिए गए हैं कि वे इस संशोधित समय-सारणी की जानकारी तुरंत विद्यार्थियों तक पहुंचाएं और नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित करें। साथ ही विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी इस सूचना को अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों से अपील की गई है कि वे बदले हुए परीक्षा समय को ध्यान में रखते हुए ही परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

### हादसे रोकने के लिए पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

*पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल ने कहा कि रात्रि के समय धुंध का मौसम होने के कारण सड़क पर खड़े वाहनों के कारण काफी दुर्घटना घटित हो रही है। इस संबंध मे सभी प्रभारी थाना/चौकी को दिशा निर्देश दिए गए है कि अपने-2 एरिया में सुनिश्चित करे कि रात्रि के समय कोई भी वाहन सड़क पर या सडक किनारे खड़ा नहीं होना चाहिए। यदि कोई वाहन चालक रात्रि के समय वाहन को सड़क पर या सडक किनारे खड़ा किए हुए मिलता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करें। इस संबंध में सभी वाहन चालकों को भी सलाह दी जाती है कि रात्रि के समय अपना वाहन मुख्य रूप से शहर की मुख्य सडकों, जिला से गुजरने वाले सभी राजमार्गों, राज्यमार्गों व आउटर बाईपास आदि पर या उनके किनारे खड़ा न करें।*

### वाहन चलाते समय क्या करें

*फाग लाइट/लो-बीम हैडलाइट का प्रयोग करें। धुंध में केवल लो-बीम हैडलाइट या फाग लाइट का ही प्रयोग करें। वाहन की गति नियंत्रित रखें। सीमित दृश्यता के कारण तेज गति जानलेवा हो सकती है। आगे चल रहे वाहन से सुरक्षित दूरी बनाए रखें ताकि अचानक ब्रेक लगाने की स्थिति में टक्कर से बचा जा सके। मुड़ते समय या रुकते समय इंडिगेटर का प्रयोग अवश्य करें। अत्यधिक धुंध में आवश्यकता पड़ने पर हैजर्ड लाइट का प्रयोग करें। ट्रैक्टर-ट्रॉली, ट्रक, ट्रॉली, रेहड़ी व अन्य धीमी गति वाले वाहनों के आगे-पीछे रिफ्लेक्टर टेप व संकेतक अनिवार्य रूप से लगाएं। वाहन के शीशे व वाइपर साफ रखें। सही ढंग से कार्यरत वाइपर दृश्यता बढ़ाने में सहायक होते हैं। घने कोहरे में चौराहों व मोड़ों पर हल्का हॉर्न संकेत के रूप में उपयोगी हो सकता है।*

## शाहबाद में एनएच-44 से पुलिस ने हटवाया अवैध अतिक्रमण



शाहबाद। अतिक्रमण हटाते कर्मचारी।

- नागरिकों से रास्तों पर किए गए अवैध कब्जे हटाने की अपील
- दोबारा अतिक्रमण करने पर होगी कानूनी कार्रवाई, यातायात नियमों का पालन करने की सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि सर्दी व धुंध के कारण विजिबिलिटी कम होने के कारण वाहन चालकों को किसी भी प्रकार की दिक्कत ना, इसके लिए रास्तों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं होना चाहिए। इन अतिक्रमणों के कारण किसी भी वाहन चालक को किसी प्रकार की परेशानी व दिक्कत ना हो। उपायुक्त ने जिला के नागरिकों से अपील की कि रास्तों पर किए गए अतिक्रमण को स्वयं हटा लें। इससे वाहनों की आवाजाही बिना किसी बाधा या रुकावट के निरंतर चलती रहे। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के निर्देश पर वीरवार को एनएच-44 पर शाहाबाद क्षेत्र से प्रशासन व पुलिस की टीम ने अतिक्रमण को हटवाया। इसके साथ ही अतिक्रमण करने वाले लोगों को समझाया कि सर्दी के मौसम में अतिक्रमण के कारण सड़क की आवाजाही बाधित हो रही है। जिस कारण से इन खोखे, बेंच सहित अन्य सामान को सड़क के किनारे से हटवाया गया। इसके साथ ही उन्हें हिदायत दी कि वो दोबारा से सड़क के किनारे अवैध कब्जा ना करें। यदि ऐसा किया तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि इस अभियान को हाईवे के साथ-साथ अन्य सडकों पर भी चलाया जाएगा। किसी भी वाहन चालक को सर्दी के मौसम में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सर्दी के मौसम को देखते हुए जिला प्रशासन ने नागरिकों को बचाव रखने की सलाह दी है। वाहन चालक जरूर काम होने पर ही वाहनों को लेकर बाहर निकलें। इसके साथ ही यातायात नियमों का पालन करें और संभव हो तो ट्रांसपोर्ट वाहनों से ही सफर करें।

## खबर संक्षेप

### दिशा की बैठक 23 को लघु सचिवालय में

**कुरुक्षेत्र।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी कमेटी (दिशा) की पांचवीं बैठक 23 दिसंबर 2025 को सुबह 10:30 बजे लघु सचिवालय के सभागार में होगी। इस बैठक की अध्यक्षता सांसद नवीन जिंदल करेंगे। इस बैठक का एजेंडा सभी विभागीय अधिकारियों को भेज दिया गया है। इस बैठक में सभी अधिकारी पूरी तैयारी के साथ बैठक में पहुंचना सुनिश्चित करेंगे और अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित एटीआर जल्द से जल्द प्रशासन के पास भिजवाना सुनिश्चित करेंगे। यह जानकारी जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शंभू राठी ने दी है।

### वीर बाल दिवस लाइट एंड साउंड शो कल

**थानेसर।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों के बेमिसाल बलिदान का सम्मान करने के लिए हरियाणा सरकार हरियाणा कला परिषद कुरुक्षेत्र के भरतमुनि रंगशाला में वीर बाल दिवस की याद में सफर-ए-शहादत नाम से एक खास लाइट एंड साउंड स्टेज प्रेजेंटेशन आयोजित कर रही है। उन्होंने कहा कि सफर-ए-शहादत सिख शहादत की एक दमदार और इमोशनल यात्रा दिखाता है, जो श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के सबसे बड़े बलिदान से शुरू होकर, चमकौर दी गढ़ी की ऐतिहासिक घटनाओं से गुजरते हुए और साहिबजादा बाबा जोरावर सिंह जी और साहिबजादा बाबा फतेह सिंह जी की शहादत पर खत्म होती है।

## रिंग रोड व बाईपास परियोजना को मिली गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- प्रोजेक्ट तैयार करने के लिए एनएचएआई ने हायर की एजेंसी : सुभाष सुधा

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि कुरुक्षेत्र रिंग रोड व बाईपास परियोजना की जल्द डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए एनएचएआई की तरफ से एजेंसी हायर कर ली गई है। यह एजेंसी शीघ्र ही प्रदेश सरकार से चर्चा करके रिंग रोड तैयार करने की योजना का पूरा खाका तैयार करेगी। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि एनएचएआई ने एजेंसी के साथ मिलकर योजना तैयार करने की प्रक्रिया को शुरू कर दिया है। इस



कुरुक्षेत्र। आमजन की समस्याएं सुनते पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा।

विषय को लेकर एजेंसी के अधिकारी जल्द ही प्रदेश सरकार से चर्चा करेंगे। इस योजना को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जल्द ही कुरुक्षेत्र के नागरिकों को एक बड़ी सौगात दे सकते हैं। प्रदेश सरकार का प्रयास है कि जल्द ही रिंग रोड की योजना को अमलीजामा पहनाया जाए। इसके लिए सरकार पूरी गंभीरता के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र व लाडवा के नागरिकों को ट्रैफिक जाम व सडक दुर्घटनाओं जैसी समस्याओं से निजात दिलवाने के लिए रिंग रोड और बाईपास की मांग लम्बे अरसे से की जा रही है। यह रिंग रोड कुरुक्षेत्र और लाडवा के लिए किसी जीवन रेखा से कम नहीं होगा।

### सरकार पूरी गंभीरता के साथ कार्य कर रही

इस विषय को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पदभार संभालते ही कुरुक्षेत्र व लाडवा रिंग रोड व बाईपास प्रोजैक्ट को लेकर केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी से बातचीत की थी। इससे पहले भी इस प्रोजेक्ट को लेकर सरकार पूरी गंभीरता के साथ कार्य कर रही थी। सरकार के आदेशानुसार राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के प्रोजैक्ट मैनेजर अंबाला डिविजन द्वारा कुरुक्षेत्र व लाडवा शहर के लिए रिंग रोड और बाईपास प्रोजैक्ट की डीपीआर बनवाने के लिए एक एजेंसी हायर की जा चुकी है।

## आमजन और युवाओं को रेडक्रास गतिविधियों के साथ जोड़ें : अंकुश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- भारतीय रेडक्रास सोसायटी हरियाणा शाखा के वाइस चेयरमैन ने जिला रेडक्रास सोसायटी कार्यालय का किया निरीक्षण

भारतीय रेडक्रास सोसायटी हरियाणा शाखा के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी ने प्रदेश के जिला कार्यालयों में पहुंचकर कर्मचारियों की समस्याएं सुनने की नई पहल की शुरूआत की है। इसी सिलसिले में वाइस चेयरमैन कुरुक्षेत्र पहुंचे और जिला कार्यालय का निरीक्षण किया। कार्यालय में पहुंचने पर जिला सचिव श्याम सुंदर ने वाइस चेयरमैन को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान वाइस चेयरमैन ने दिव्यांगजनों से भी मुलाकात कर समस्याएं जानी। हरियाणा रेडक्रास सोसायटी के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी ने रेडक्रास की गतिविधियों के साथ आमजन का जुड़ाव बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा कि रेडक्रास की ओर से जो गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, उन्हें हर



कुरुक्षेत्र। निरीक्षण करते भारतीय रेडक्रास सोसायटी हरियाणा शाखा के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी।

व्यक्ति तक पहुंचाया जाए और युवा शक्ति को रेडक्रास के साथ जोड़ा जाए ताकि युवा रक्तदाता और स्वयंसेवक के तौर पर समाज सेवा से जुड़ सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि जरूरतमंद को बगैर देरी को रक्त उपलब्ध होना चाहिए। उन्होंने कर्मचारियों को आह्वान किया कि यदि सभी टीम वर्क के तौर पर काम करेंगे को आमजन की सेवा बेहतर ढंग से की जा सकेगी।

## सेवानिवृत्त शिक्षकों ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को पदभार संभालने पर दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सेवानिवृत्त शिक्षको ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी इन्दू कौशिक को उनके कार्यालय मे मिलकर उनके जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के पद पर प्रदोन्नत होने पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ दी। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि वह शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाने का हर सम्भव प्रयास करेगी ताकि जिले का नाम राज्य मे अग्रणी श्रेणी रहे। उन्होंने कहा कि वह शिक्षको के अधूरे पडे कार्यो को तत्परता से निपटान करेगी ताकि उनको बेवजह से कार्यालय के चक्कर ना काटने पड़े और वह निश्चिंत होकर बच्चों की पढाई करवाने का ध्यान दे सके। उनके स्तर पर किसी भी शिक्षक का कोई भी कार्य अधूरा नही रहने दिया जाएगा। जिन विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओ की कमी है उनको पूरा करके बच्चों के सर्वांगीण विकास करने की हरसंभव कोशिश की जाएगी। पूर्व प्रवक्ता व पूर्व राज्य कोषाध्यक्ष हजरस ओम प्रकाश सरोहा और पूर्व उप जिला शिक्षा अधिकारी राजकुमार तुषार ने उनकी कार्यशैली व मिलनसार व्यवहार की भूरि भूरि प्रशंसा की।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व प्रवक्ता सुरेंद्र सिंह, सतीन्द्र शर्मा, पवन कुमार, रेनु गौतम, राज पाल सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

## विधानसभा में गूंजा बीबीपुर झील में चनालहेड़ी रोड पर बन रहे पुल का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

विधानसभा शीतकालीन सत्र के पहले दिन बीबीपुर झील में चनालहेड़ी रोड पर बन रहे पुल का मुद्दा गूंजा। कांग्रेस विधायक मनदीप चट्ठा द्वारा लोक निर्माण विभाग के मंत्री रणबीर गंगवा से प्रश्न पूछा गया की पांच साल से बीबीपुर झील का पुल अभी तक निमार्णाधीन है। जो अभी तक पूरा नहीं हुआ। इस पर लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने जवाब देते हुए कहा कि बीबीपुर में 5 स्पेन वाले 21.75 मीटर लंबे हाई लेवल ब्रिज के कार्य पर 597.83 लाख रुपए खर्च किए जा रहे हैं। ये 10 जुलाई 2021 को शुरू हुआ था। लेकिन फाउंडेशन धंसने से और 2023 में बाढ़ आने के कारण इसके निर्माण में देरी हुई है। उन्होंने बताया कि 92 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है और उम्मीद है कि 31 जनवरी 2026 तक इस कंप्लीट कर लिया जाएगा। फोटो परिचय

### इन मुद्दों पर भी की चर्चा



मनदीप चट्ठा।

*सत्र के दौरान पिछले मुद्दे भी उठाए गए। जिनमें कुरुक्षेत्र रोड पर नई अनाज मंडी के पास बनाए गए कचरा डंपिंग जोन को शिफ्ट करने और अरुणाय रोड बाईपास पर अंडरपास वाला मुद्दा भी शामिल रहा। इसके अलावा सरस्वती हेरिटेज डेवलपमेंट बोर्ड को लेकर भी विधायक ने सवाल उठाया कि बोर्ड के गठन की मंशा और इसके कार्यो को स्पष्ट किया जाए। साथ ही ये भी बताया जाए कि बोर्ड द्वारा सरस्वती तीर्थ के विकास को लेकर अब तक क्या कार्य किया गया। बता दें कि पिछले सत्र के दौरान भी विधायक द्वारा कचरा डंपिंग जोन और अरूणाय बाईपास कट का मुद्दा उठाया गया था लेकिन सरकार ने इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया।*

## गुरुकुल में एनएसएस शिविर का शुभारम्भ

**कुरुक्षेत्र।** गुरुकुल कुरुक्षेत्र में सोमवार को सात दिवसीय एन.एस.एस. शिविर का शुभारम्भ प्राचार्य सूबेप्रताप के कर-कमलों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक नरेन्द्र सिंगला भी मौजूद रहे। प्राचार्य सूबे प्रताप ने कहा कि एन.एस.एस. का मोटो है-नॉट फोर मी, बट यू। इसका अर्थ है कि हमें स्वयं से पहले दूसरों की सेवा के लिए तत्पर रहना चाहिए। देश और समाज के सुधार हेतु जो भी कार्य हो सकते हैं, उनमें बढ़ चढ़कर भागीदारी करनी चाहिए जिससे हम देश की उन्नति में सहायक बनें। उन्होंने शिविर संयोजक एवं सभी वॉलंटियर्स को शिविर के सफल आयोजन की शुभकामनाएं दीं। ज्ञात रहे कि निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार के मार्गदर्शन में छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु गुरुकुल में इस तरह की गतिविधियां निर्बाध रूप से आयोजित की जाती हैं। प्राचार्य सूबे प्रताप ने कहा कि हम छोटे-छोटे मगर महत्त्वपूर्ण कार्यों से भी समाज में नई जाग्रति ला सकते हैं। जैसे कहीं पानी का नल खुला है और उससे लगातार पानी बह रहा है, उस नल को बंद कर दें तो बहुत सा पानी बच जाएगा। यह भी राष्ट्र सेवा है। इसी प्रकार अनावश्यक रूप से दिन में कहीं लाइट जगती मिले तो उसे तुरन्त बंद करें। कहीं सड़क दुर्घटना हो जाए, तो वहां पर जाकर पीड़ितों की सहायता करें आदि इस प्रकार के छोटे-छोटे कार्यों से हम लोगों के जीवन में परिवर्तन ला सकते हैं।



कुरुक्षेत्र। विद्यार्थियों को संबोधित करते प्राचार्य सूबे प्रताप।

## शिक्षक समाज का मार्गदर्शक : तेती

- केयू आर्ट्स फैकल्टी में भारतीय शिक्षण मंडल का परिचय एवं कार्यकर्ता मिलन कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के गणपति चंद्रगुप्त हाल, आर्ट्स फैकल्टी में भारतीय शिक्षण मंडल द्वारा परिचय एवं कार्यकर्ता मिलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गणपति तेती संगठन मंत्री हरियाणा, पंजाब एवं दिल्ली प्रांत ने कहा कि शिक्षक समाज का मार्गदर्शक होता है और उसके माध्यम से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने भारतीय गुरुकुल परंपरा, शिक्षा-शिक्षण के भारतीय दृष्टिकोण तथा एक शिक्षक के आदर्श स्वरूप पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने समय पालन, अनुशासन, स्वाध्याय, वसुधैव कुटुम्बकम् तथा राष्ट्र प्रेम को शिक्षा का मूल आधार बताते हुए इन्हें व्यवहार



कुरुक्षेत्र। प्रो. तेजेंद्र शर्मा को स्मृति चिह्न भेंट करते आयोजक।

में उतारने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का पारंपरिक भारतीय विधि से स्वागत किया गया। इस मौके पर डीन, भाषा एवं कला संकाय व हिन्दी विभागाध्यक्षा प्रो. पुष्पा रानी ने सभी अतिथियों का परिचय करवाया। भारतीय शिक्षण मंडल के प्रांत उपाध्यक्ष प्रो. तेजेंद्र शर्मा ने भारतीय शिक्षण मंडल के उद्देश्यों, कार्यों एवं वैचारिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञानार्जन नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण एवं राष्ट्र निर्माण है। कार्यक्रम में प्रो. आर के देशवाल, प्रो. भगत सिंह , प्रो. राजपाल, प्रो. विनिता ढींगरा, डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. अजायब सिंह, डॉ. सुरजीत सिंह, डॉ खुशविंदर कौर तथा मीडिया संस्थान से डॉ. आबिद अली सहित अन्य शिक्षाविदों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

**खेल** — वॉलीबॉल, कबड्डी और तीरंदाजी में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

# सांसद खेल महोत्सव के तीसरे चरण में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

कई टीमें सेमीफाइनल में पहुंचीं, क्रिकेट, खो-खो और रस्साकशी में कांटे की टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में चल रहे सांसद खेल महोत्सव के तीसरे चरण की लोकसभा स्तरीय प्रतियोगिताओं के तहत आज कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय और द्रोणाचार्य स्टेडियम में विभिन्न खेलों के रोमांचक मुकाबले खेले गए। खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसमें कई टीमों और खिलाड़ियों ने जीत दर्ज करते हुए अगले दौर में प्रवेश किया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता में कुल 7





कुरुक्षेत्र। प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी।

टीमों ने भाग लिया। कड़े मुकाबलों के बाद कलायत (ए), पुण्डरी (बी) और एसकेएस अमीन की टीमों ने जीत हासिल की। वहीं कबड्डी प्रतियोगिता में 8 टीमों कलायत (ए), कैथल (ए व बी), पुण्डरी (ए व बी), गुहला (ए व बी) और लाडवा (ए) ने विजय प्राप्त कर सेमीफाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की।

### तीरंदाजी प्रतियोगिता में खुशी रही प्रथम

विश्वविद्यालय के आर्चरी ग्राउंड में आयोजित तीरंदाजी प्रतियोगिता में खुशी ने प्रथम, अनु ने द्वितीय और अंजलि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्रिकेट प्रतियोगिता में कलायत की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश किया, जबकि काल सीवन, कैथल, कुरुक्षेत्र और पुण्डरी की टीमों के बीच आगामी मुकाबले खेले जाएंगे। द्रोणाचार्य स्टेडियम में आयोजित खो-खो प्रतियोगिता में 9 टीमों ने भाग लिया, जिसमें पुण्डरी दुलियाणी (ए) की टीम ने पहला और नरड़ (ए) की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। रस्साकशी प्रतियोगिता में 7 टीमों ने भाग लिया एवं कल गुहला व थानेसर तथा कलायत (ए) व कैथल (बी) के बीच सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले कल आयोजित होंगे। सांसद कार्यालय प्रभारी एवं पूर्व आईएएस अधिकारी धर्मवीर सिंह ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव सांसद नवीन जिन्दल के दूरदर्शी विजन का परिणाम है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण और शहरी युवाओं को समान खेल अवसर प्रदान करना है।

## खबर संक्षेप

### गीता विद्यालय में एनएसएस शिविर का किया आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** श्रीमद्भगवद्गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरूक्षेत्र में तीसरा एक दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर लगाया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों द्वारा लक्ष्य गीत गाकर किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अनिल मदान, छात्र दिलजीत, जीवराज, खुशवंत, प्रिंस एवं एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी पुनीत डोडा ने दीप प्रज्वलन किया।

### 23 को मनाई जाएगी गुरु ब्रह्मानंद जयंती

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने महान संत गुरु ब्रह्मानंद की जयंती को भव्य, गरिमामय एवं जनभागीदारी से परिपूर्ण बनाने के लिए कुरुक्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। गुरु ब्रह्मानंद जयंती इस वर्ष 23 दिसंबर को कैथल जिले के चूहड़ माजरा गांव में सरकारी स्तर पर मनाई जाएगी। यह आयोजन सामाजिक समरसता, आध्यात्मिक चेतना और गुरु-परंपरा के प्रति सम्मान का प्रतीक होगा।

### शिक्षा विभाग ने विद्यालयों में करवाया ध्यान योग प्रशिक्षण

**कुरुक्षेत्र।** विश्व ध्यान दिवस के उपलक्ष्य में हरियाणा योग आयोग के ऊजार्वान एवं कर्मठ चेयरमैन डॉ जयदीप आर्य के निदेर्शानुसार जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक के कुशल नेतृत्व एवं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी इंदु कौशिक के निर्देशन में शिक्षा विभाग, कुरुक्षेत्र द्वारा जिला के सभी खंडो के विभिन्न विद्यालयों में 17 से 24 दिसंबर तक ध्यान योग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं ।

### योग ब्रेक- कर्मियों के लिए बना ऊर्जा बढ़ाने का उपाय

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा सरकार एवं आयुष निदेशालय पंचकूला के निदेर्शानुसार एवं जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ मंजू शर्मा के नेतृत्व में आज जिला के लघु सचिवालय में जिला शिक्षा अधिकारी ऑफिस, जिला खाद एवं पूर्ति विभाग ऑफिस, हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम, केंद्रीय सहकारिता बैंक बकाली, मार्केट कमेटी लाडवा, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल डीग, गवर्नमेंट वैटनरी हॉस्पिटल दबखेड़ा, जी.ए.डी डंगाली, पशुपालन विभाग सुनारिया, गवर्नमेंट मिडिल स्कूल रामगढ़ में योग ब्रेक का आयोजन किया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ मंजू शर्मा ने बताया कि विभिन्न विभागों में योग ब्रेक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

---

### निलंबित अधिकारियों से माफी मंगवाने का ऑफर लेकर आए थे डीएसपी

# डीएसपी के ऑफर को बार एसो. ने मारी ठोकर, कहा-पहले एफआईआर दर्ज करो

**मुलाना थाने में वकील से बर्बरता का मामला:** लंबी बातचीत के बावजूद नहीं बनी सहमति, पुलिस को एक दिन का समय दिया गया, केस दर्ज न होने पर पंजाब एवं हरियाणा में दी जाएगी वर्क सस्पेंड की कॉल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

मुलाना थाने में एडवोकेट रितेश से हुई बर्बरता के मामले में डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन अपने स्टैंड पर कायम है। बार ने इस मामले में पुलिस से समझौत के ऑफर को ठोकर मार दी। डीएसपी बराड़ा सुरेश कौशिक वीरवार को खुद बार से समझौते का ऑफर लेकर आए थे। उनकी बार के वकीलों से लंबी बातचीत हुई। पर बार वकील से बर्बरता करने वाले निलंबित पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने व उनकी बर्खास्तगी पर अड़ी है। बार ने साफ कहा कि जब तक इस मामले में पुलिस निलंबित व लाइनहाजिर अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करती तब तक बैकफुट पर आने का कोई चांस नहीं है। उधर वीरवार को भी लगातार मुलाना थाने में एडवोकेट रितेश से बर्बरता होने के विरोध में वकीलों ने लगातार चौथे दिन भी वर्क सस्पेंड रखा। पूरे दिन कोई वकील किसी भी मामले की पैरवी में शामिल नहीं हुआ।

#### माफी मंगवाने की शर्त खारिज

वकीलों को मनाने के लिए वीरवार को डीएसपी बराड़ा सुरेश कौशिक खुद बार एसोसिएशन के ऑफिस में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बार एसोसिएशन के प्रेजिडेंट सतपाल सिंह व मामले में कार्रवाई को लेकर गठित कमेटी के समक्ष समझौते का ऑफर भी रखा। डीएसपी ने बार से कहा कि वे निलंबित अधिकारियों से माफी मंगवा देते हैं। दोषी अपनी गलती मानने को तैयार हैं। बार ने समझौते के ऑफर को ठुकरा दिया। एसोसिएशन ने साफ कहा कि जब तक वकील से बर्बरता करने वाले अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर व उनकी बर्खास्तगी नहीं होती तब तक समझौते का कोई सवाल नहीं उठता।



अंबाला। वर्क सस्पेंड के दौरान अदालत परिसर के मुख्य गेट के बाहर जमा वकील।

#### एक दिन का समय दिया

बार की ओर से डीएसपी सुरेश कौशिक को निलंबित अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज करने को लेकर एक दिन का समय दिया गया है। बार ने साफ कहा कि अगर शुक्रवार शाम तक पुलिस ने अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज नहीं किया तो पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के साथ पूरे प्रदेश की अदालतों में वर्क सस्पेंड की कॉल दी जाएगी। उन्होंने कहा कि विरोध स्वरूप किसी भी अदालत में काम नहीं होगा।

#### यह है पूरा मामला

बता दें कि डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन से जुड़े एडवोकेट रितेश के साथ मुलाना थाने में कुछ रोज पहले ही एएसआई प्रेम पाल, ईएएसआई सतपाल सिंह व एएसआई मनजीत सिंह ने बर्बरता की थी। इसी मामले में निलंबित किए गए एएसआई प्रेमपाल, व सतपाल पर एडवोकेट रितेश ने उन्हें परिवार समेत थाने में नंगा कर पीटने के आरोप लगाए थे। वकील का आरोप था कि एक जमीनी विवाद में पुलिस ने साजिश के तहत उसे पहले गिरफ्तार किया फिर थाने में बर्बरता की। उसकी पेंट खुलवाकर नंगा किया गया। फिर पंखा चलाकर कमरे में बंद कर दिया गया। उसके पिता के सामने उसे व भाई को जलील किया गया। अपने वकील के साथ हुई बर्बरता को लेकर बार एसोसिएशन तुरंत हरकत में आ गई। एसपी से शिकायत के बाद बार प्रेजिडेंट सतपाल सिंह व पूर्व प्रधान एडवोकेट रोहित जैन ने कई वकीलों के साथ शनिवार रात को ही डीएसपी सुरेश कौशिक से मुलाकात की थी। तब डीएसपी ने पुख्ता सबूतों के आधार पर बर्बरता करने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया था। जांच के दौरान थाने में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद फुटेज के आधार पर वकील के आरोप सही पाए गए। इसी आधार पर एसपी ने एएसआई प्रेमपाल व ईएएसआई सतपाल को सस्पेंड कर दिया था जबकि एएसआई मनजीत सिंह को लाइनहाजिर कर दिया था।

#### दोषियों को बचाने में जुटी पुलिस

छह दिन बाद भी निलंबित पुलिस अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज न किए जाने से ज्यादातर वकील बेहद गुस्से में हैं। उनका कहना है कि पुलिस अपने अधिकारियों को बचाने में जुटी है। वकीलों का कहना है कि अगर पुलिस के किसी भी जवान के साथ कोई व्यक्ति ऐसी हरकत करता तो उसके खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज होकर पुलिस उसे तुरंत गिरफ्तार कर लेती। जबकि इस मामले में सीसीटीवी फुटेज में पूरा मामला खुलकर सामने आ चुका है। इसके बावजूद पुलिस अपने अधिकारियों को बचाने का प्रयास कर रही है। वकीलों ने स्पष्ट किया कि अब वे पीछे हटने वाले नहीं हैं।

---



अंबाला। पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल से मुलाकात करते सैनी सभा के पदाधिकारी।

## सावित्रीबाई फुले जयंती पर रक्तदान के साथ आंख जांच शिविर लगाएंगे

- अंबाला सर्कल सैनी सभा की ओर से पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल को दिया गया निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

सावित्री बाई फूले की जयंती के अवसर पर अंबाला सर्कल सैनी सभा में रक्तदान व नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। सभा के प्रधान देवेंद्र सैनी ने बताया कि अंबाला सर्कल सैनी सभा अंबाला शहर एक पूर्णतया समाज कल्याण को समर्पित संस्था है जोकि समाजसेवा के भाव से विभिन्न कार्यक्रमों में निरंतर सहभागी रहती है। इसी कड़ी में आने वाले नववर्ष 2026 को मनाने के लिए सभा की गत मासिक बैठक में यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया था, कि 3 जनवरी 2025 को देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फूले की जयंती को मनाएंगे। इसी दिन जिला रेडक्रॉस के सहयोग से एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, दिव्यागंजन के समग्र और सर्वांगीण विकास को समर्पित राष्ट्रस्तरीय संस्था सक्षम, नेत्र सुरक्षा, नेत्र चिकित्सा और मरणोपरांत नेत्रदान को बढ़ावा देने के कार्य में अनेकों वर्षों से कार्यरत संस्था माधव नेत्र बैंक द्वारा एक नेत्र जांच शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर अंबाला सर्कल सैनी सभा का एक प्रतिनिधिमंडल सभा के प्रधान देवेंद्र सिंह सैनी के नेतृत्व में पूर्व परिवहन मंत्री असीम गोयल के निवास स्थान पर उन्हें निमंत्रण देने के लिए पहुंचे। प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश सरकार से इस कार्यक्रम का उद्घाटन करने के बारे में आग्रह किया। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने कार्यक्रम का निमंत्रण स्वीकार करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित होने व हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया है।

### नौवीं कक्षा के छात्र ने फंदे से लटककर आत्महत्या की

**अंबाला।** 14 साल के किशोर ने फंदा लगाकर जान दे दी। घटना अंबाला शहर के नाहन हाउस में हुई। नागरिक अस्पताल में मौजूद मृतक किशोर के पिता राकेश कुमार ने बताया कि वह नगर निगम में कच्चे सफाई कर्मी के तौर पर कार्यरत हैं। उनका बेटा सन्नी सोहन लाल डीएवी स्कूल में कक्ष 9 वीं का छात्र था। दोपहर लगभग 3.30 बजे वह खाना खाने के लिए घर आए थे। इस दौरान उनकी पत्नी छत पर चली गई और वह कुछ देर के लिए पड़ोस में चले गए। इस बीच उनके बेटे ने फंदा लगा लिया। जब तक उसे अस्पताल लेकर पहुंचे तो डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिता ने बताया कि उनके बेटे की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी और न ही कभी किसी के साथ लड़ाई-झगड़ा किया, न ही उसने किसी प्रकार के दबाव आदि की कभी कोई जानकारी दी।

---

## जलभराव से निपटने के लिए की जा रही तैयारियों की डीसी ने ली जानकारी

- अधिकारियों को जल्द ठोस योजनाएं बनाने के दिए निर्देश, बोले सीएम करेंगे समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला



अंबाला। अधिकारियों की मीटिंग लेते डीसी।

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने जिले में जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए किए जाने वाले कार्यो एवं परियोजनाओं के बारे चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम विनेश कुमार, एसडीएम शिवजीत भारती, एसडीएम सतिंद्र सिवाच, अधीक्षक अभियंता सिंचाई विभाग मुनीष शर्मा मौजूद रहे। उपायुक्त ने सिंचाई विभाग, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग, नगर निगम, नगर परिषद्, एनएचएआई, जनस्वास्थ्य विभाग व अन्य विभागों से बरसाती दिनों में जहां जहां पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न होती है उससे निपटने के लिए विभाग द्वारा तैयार योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान बाढ़ प्रबधंन के तहत टांगरी नदी, सेक्टर-34 के नजदीक घसीटपुर अंडर ब्रिज, साहा चौक के पास जलभराव, गांव मानकपुर व भुन्नी के नजदीक जलभराव व अन्य क्षेत्रों के तहत परियोजनाओं को बनाने की जानकारी ली। उन्होंनें कहा कि सभी विभाग बेहतर समन्यव बनाते हुए परियोजनाएं तैयार करें ताकि भविष्य में आमजन को जलभराव की स्थिति का सामना न करना पड़ें।

---

## नगर निगम को मिलेंगे 600 सफाई कर्मचारी

- मेयर शैलजा सचदेवा ने वार्ड नंबर 3 की कॉलोनियों में लोगों की समस्याएं सुनकर किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला



अंबाला। लोगों की समस्याएं सुनते मेयर शैलजा सचदेवा।

भारतीय जनता पार्टी की पहली निर्वाचित मेयर शैलजा संदीप सचदेवा ने वीरवर को वार्ड नंबर 3 में आशा सिंह गार्डन, जग्गी गार्डन व जग्गी कॉलोनी के लोगों से जनसंपर्क अभियान करते हुए बातचीत की वह उनकी समस्याओं को सुना। मौके पर ही उनकी समस्याओं के समाधान के लिए कार्रवाई की। इस अवसर पर मेयर शैलजा संदीप सचदेवा व भाजपा के मनोनीत पार्षद एडवोकेट संदीप सचदेवा ने इलाके के लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 9 महीने के कार्यकाल में लगभग 300 टेंडर जनता के विकास के लिए लगवाए हैं। उसमें नालों की सफाई ,सड़कों का काम, गलियों का काम ,नालों का नव निर्माण ,स्ट्रीट लाइट, लगाने का काम शामिल है जो उन्होंने अपने इस 9 महीने के कार्यकाल में करने का प्रयास किया है ।इसके साथ-साथ उन्होंने बताया कि इस बार भारतीय जनता पार्टी के मूल कार्यकर्ताओं के सुझाव से शहर में पानी की निकासी का प्रबंध काफी हद तक अच्छा रहा और जनता के लिए इस बरसाती सीजन में राहत रही की पानी की निकासी समय से हुई बरसात की वजह से उनको दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ा। इसके साथ-साथ उन्होंने बताया की गौशाला के निर्माण के लिए 4:50 करोड रुपए की राशि मंजूर की गई थी परंतु नगर निगम के लापरवाह कर्मचारियों की वजह से वह मामला अदालत में चला गया और अब उसे काम में रुकावट आई हुई है ।

#### शहर विकास को गति

कुत्तों की नसबंदी का काम जो पिछले कई सालों से नहीं हुआ था वह भी उनके प्रयासों से हो गया है और बहुत जल्द ऑपरेशन थिएटर और नसबंदी का स्थान उपलब्ध कराकर कुत्तों की नसबंदी के काम को तेजी से बढ़ाया जाएगा। इसके साथ-साथ उन्होंने बताया की 600 सफाई कर्मचारी जनवरी के महीने में नगर निगम को मिलने जा रहे हैं। इससे शहर में सफाई की व्यवस्था भी दुरुस्त होगी। इसके साथ-साथ उन्होंने बताया कि शहर के सभी चौकों के रखरखाव के लिए लगभग 24 लख रुपए की राशि मंजूर की है ताकि शहर साफ और सुंदर नजर आए। स्वामित्व योजना के तहत ₹ 29000 परिवारों को लाभ देने का प्रयास किया गया है जिस पर काम चल रहा है और लोगों के दावे सही पाए गए हैं ।

---

## प्राथमिकता के आधार पर हर नागरिक की समस्या का समाधान करें अधिकारी

- पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने सुनी समस्याएं, अधिकारियों को दिए निर्देश, जोधपुर के सरपंच भाजपा में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने वीरवार को जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत प्रेमनगर स्थित अपने निवास स्थान पर लोगों की समस्याओं को सुनकर समाधान किया। कार्यक्रम के तहत अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र से आए लोगों की समस्याओं को सुनते हुए गोयल ने अधिकारियों को फोन करके समस्याओं को तीव्रता से निवारण करने बारे निर्देश दिए। जन सुनवाई कार्यक्रम में जिला गृह रक्षी विभाग से आए कर्मियों ने लिखित प्रार्थना पत्र के माध्यम से अपनी मांगें रखी। बिजली निगम , पेंशन से संबंधित, जन स्वास्थ्य विभाग, सड़कों की मरम्मत व विकास कार्यों को लेकर आई लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया। पूर्व राज्यमंत्री ने सभी लोगों को आश्वस्त किया कि सभी की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निपटान होगा। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष गुरविंद्र सिंह मानकपुर, मंडल अध्यक्ष दिनेश लदाना, सुंदर ढींगरा, डिप्टी मेयर राजेश मेहता, मार्केट कमेटी के चेयरमेन जसविंद्र सिंह उगाड़ा, निगम सदस्य हितेष जैन, मनीष आनंद मन्नी, संजीव गोयल टोनी, सौरभ गुप्ता भी मौजूद रहे।

#### सरपंच भाजपा में हुआ शामिल

प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सैनी और अंबाला में पूर्व राज्य मन्त्री असीम गोयल की कार्यशैली से प्रभावित होकर निरन्तर लोग भारतीय जनता पार्टी में अपनी आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी में शामिल हो रहे हैं। इसी कड़ी में आज अंबाला शहर विधानसभा के गांव जोधपुर के सरपंच बलजीत सिंह अपने साथियों सहित भाजपा में शामिल हुए। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने पार्टी का पटका पहनाकर सभी सदस्यों को भाजपा में शामिल किया।



बराड़ा। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ।

#### केंद्रीय मंत्री अठावले बोले हर खिलाड़ी की होगी मदद

**बराड़ा।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के खेल प्रकोष्ठ की कार्यकर्ता बैठक केंद्रीय मंत्री एवं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदास आठवले की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस बैठक में देशभर से लगभग 500 के करीब खेल प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। रामदास आठवले ने एडवोकेट अरुण बिड़लान, जसविंदर पहलवान एवं प्रदीप गांधी को पूरे देश में खेल प्रकोष्ठ की नई कार्यकारिणी के गठन की अनुमति प्रदान की। उन्होंने कहा कि पार्टी का उद्देश्य देश के शोषित और वंचित खिलाड़ियों को हर स्तर पर संरक्षण और सहयोग देना है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वे किसी भी खिलाड़ी का शोषण होते हुए नहीं देख सकते। यदि देश के किसी भी कोने में किसी शोषित या वंचित खिलाड़ी को किसी प्रकार की परेशानी आती है तो वह कभी भी सीधे उनसे या खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय स्तर के अग्रणी नेताओं से संपर्क कर सकता है।

---

## बायोगैस प्लांट को मिला नया ट्रैक्टर

- गांव और आसपास के क्षेत्रों से गोबर को बायोगैस प्लांट तक पहुंचाने में भारी दिक्कतें आ रही थीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला



अंबाला। भाजपा में शामिल लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाते पूर्व मंत्री असीम गोयल।

शहर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सुल्लर गांव में संचालित बॉयोगैस प्लांट के सुचारू संचालन के लिए पंचायत को लंबे समय से संसाधनों की कमी का सामना करना पड़ रहा था। विशेष रूप से गांव और आसपास के क्षेत्रों से गोबर को बायोगैस प्लांट तक पहुंचाने में भारी दिक्कतें आ रही थीं।

इस समस्या को लेकर सुल्लर गांव के सरपंच ने पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल के समक्ष मांग रखी थी। गांववासियों की जरूरत को गंभीरता से लेते हुए पूर्व मंत्री असीम गोयल ने तुरंत इस दिशा में प्रयास किए और मामला कैबिनेट मंत्री कृष्णलाल पंवार के संज्ञान में पहुंचाया।

जिसके बाद पंचायत को नया ट्रैक्टर उपलब्ध करवाया। बता दें कि पूर्व मंत्री असीम गोयल ने विधिवत रूप से ट्रैक्टर की चाबी गांव की सरपंच मोहनजीत कौर को सौंपते हुए कहा कि गांव के विकास और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सुल्लर ने मुख्यमंत्री नायब सैनी, कैबिनेट मंत्री कृष्णलाल पंवार और पूर्व मंत्री असीम गोयल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सौगात गांव के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध होगी।

---

## *जिला कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक 23 को*

**कुरुक्षेत्र।** *जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक का आयोजन 23 दिसंबर 2025 को सायं 3 बजे नए लघु सचिवालय के सभागार में किया जाएगा। इस बैठक की अध्यक्षता हरियाणा के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर करेंगे। नगराधीश आशीष कुमार ने कहा कि सभी अधिकारी निर्धारित समय पर मीटिंग में पहुंचना सुनिश्चित करेंगे और सभी अधिकारियों के पास मीटिंग का एजेंडा भेजा जाएगा और सभी पूरी तैयारी के साथ बैठक में पहुंचना सुनिश्चित करेंगे।*

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

---

### राज्य सरकार से तुरंत पॉलिसी वापिस लेने की मांग

## ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को लेकर प्रदेशभर में कर्मियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

एचएसईबी वर्कर यूनियन द्वारा एसीएस पॉवर बिजली विभाग को दिए गए नोटिस के अनुसार ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में पूरे प्रदेश में यूनिट स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया गया।ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में दिए गए नोटिस के अनुसार यह आंदोलन चरणबद्ध तरीके से चल रहा है।जो अपने दूसरे चरण में आ गया। इसके तहत पूरे प्रदेश में कार्यकारी अभियंता कार्यालयों में तीन दिन तक सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।अंबाला सर्कल में भी चारों डिविजन कार्यालयों पर 14 बिजली दफ्तरों के कर्मचारी एकजुट हुए। कर्मचारियों ने यहां अपना विरोध दर्ज करवाया। अंबाला कैंट यूनिट के अधीन सभी सब यूनिट के कर्मचारी इकट्ठे हुए और मुलाना कार्यकारी अभियंता को ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में ज्ञापन दिया गया। कार्यकारी अभियंता ने भी मंच के माध्यम से यूनियन द्वारा दिए गए ज्ञापन को तुरंत प्रभाव से अपने उच्च अधिकारियों को अग्रेषित करने का आश्वासन दिया। मुलाना डिविजन कार्यालय में सभी सब यूनिट कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सर्कल सचिव और यूनिट प्रधान सतबीर देसवाल ने बताया कि प्रबंधक निदेशक द्वारा यूनियन के प्रतिनिधिमंडल को बातचीत के लिए बुलाया गया है जो यूनियन द्वारा किए जा रहे आंदोलन का नतीजा है।





अंबाला। प्रदर्शन करते व ज्ञापन देते हुए कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

#### ऑनलाइन ट्रांसफर नीति के खिलाफ विरोध

शीर्ष नेतृत्व का निगम प्रबंधन को साफ संदेश है जब तक ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को सबके लिए पारदर्शी नहीं बनाया जाता यूनियन इसका विरोध करेगी। किसी भी हालात में इसे बिजली विभाग में लागू नहीं करने दिया जाएगा।इस पॉलिसी में अधिकारियों के नजदीकी कर्मचारियों की सीटें ब्लॉक कर दी जाती हैं। अगर कोई सिफारिशी कर्मचारी की बदली इस पॉलिसी के तहत हो जाती है तो उसको संबंधित अधिकारी द्वारा रिलीज नहीं किया जाता जिसकी दोहरी मार आम कर्मचारी पर पड़ती है। टेक्निकल कर्मचारी जिनकी इस पॉलिसी के तहत नई जगह पर बदली की जाएगी एरिया की लाइनों के अनुभव के बिना आत्मघाती साबित होगा। पूर्व में सर्कल सचिव रहे राजकुमार सेहला ने भी कहा कि ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध के साथ साथ बिजली कर्मचारियों की जायज मांगे काफी समय से लंबित हैं। उन मांगों की तरफ निगम प्रशासन का ध्यान नहीं है।इस विरोध प्रदर्शन के द्वारा निगम अधिकारियों को चेताया जा रहा है मुलाना डिविजन में दो घंटे विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता सर्कल सचिव सतबीर देसवाल और मंच का संचालन यूनिट सचिव सोनू यादव ने किया।